कार्यालय–प्राचार्य, शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय भटगांव
जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)
E-mail : bhatgaoncollege@gmail.com Website : www.gcbhatgaon.in

पत्र क्रमांक 205/2026 भटगांव, दिनांक 27/08/2026

## ।। अतिथि व्याख्याता हेत संशोधित विज्ञापन ।।

शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय भटगांव में अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु पात्र आवेदकों से दिनांक 28/08/2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसे अंतिम तिथि में संशोधित करते हुए दिनांक 07/09/2026 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। संशोधित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है तथा महाविद्यालय की वेबसाईट http://gcbhatgaon.in/Clogin.aspx में अपलोड किया गया है जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Shubh
27.08.2026
PRINCIPAL
Govt. R.N.M College Bhatgaon
Distt.-Sarangarh-Bilaigarh (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–प्राचार्य,शासकीय आर.एन.एम.महाविद्यालय ,भटगांव

जिला –सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ0ग0) 493222

Email-bhatgaoncollege@gmail.com

पत्र क्र. 205 /अ.व्या./2026 भटगांव दिनांक 27/08/2026

## //अतिथि व्याख्याता हेतु विस्तृत विज्ञापन //

कार्यालय आयुक्त, उ.शि.संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक ESTB-2035/637/2026/राज स्था/2026 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 18/08/2026 के अनुसार शासकीय आर. एन. एम. महाविद्यालय, भटगांव में विषय सहा. प्राध्यापक – राजनीति विज्ञान 01 पद में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदको से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 07.09.2026 को सायं 5:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :-

1. अतिथि व्याख्याता, को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख-रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

2. आयु सीमा :- अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक।

3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

Shubh

Scanned with OKEN Scanner

विषय/पदों का विवरण:-

| क्र. | विषय | रिक्त पद एंव संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजनीति विज्ञान | प्राध्यापक | सह–प्राध्यापक | सहा.प्राध्यापक |
| | | 0 | 0 | 1 |

टीप:- संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्तें :-

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम. फिल./पी-एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।

02. दिनांक 07/09/2026 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई-मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा ।

03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 08/09/2026 महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। महाविद्यालयों की वेबसाईट नहीं होने पर संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय की वेबसाईट में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य होगा। वेबसाइट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।

05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 11/09/2026 तक होगी।

06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 12/09/2026 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

10.अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा:-

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रति दिन 07 घंटा कार्य अवधि | 2000 प्रति कार्य दिवस प्रतिमाह अधिकतम 50000/– | 1400/– प्रति कार्य दिवस प्रतिमाह अधिकतम 35000/– |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, एवं आवेदित विषय/पद आवशयक रुप से लिखे।

Shubh

Scanned with OKEN Scanner

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक-सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक-सेवक नहीं कहलायेंगे।

13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।

14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।

16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन, कार्य हेतु पात्र नही होंगे।

Shubh 27.08.2026

संस्था प्रमुख
PRINCIPAL
Govt. R.N.M College Bhatgaon
Distt.-Sarangarh-Bilaigarh (C.G.)
महाविद्यालय का नाम शास. आर. एन. एम. महाविद्यालय भटगाव
जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ0ग0

पृ.क्र 206 /अ.व्या./2026 भटगांव दिनांक 27/08/2026

प्रतिलिपि –

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक –सी.द्वितीय व तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सुचनार्थ ।
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शासकीय विज्ञान स्नाकोत्तर महाविद्यालय परिसर, बिलासपुर ।
3. प्राचार्य,अग्रणी महाविद्यालय शासकीय लो.प्र.पा. महाविद्यालय सारंगढ़,जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ0ग0)
4. प्राचार्य.......................................जिले के समस्त महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ । कृपया सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।

Shubh 27.08.2026

संस्था प्रमुख
PRINCIPAL
Govt. R.N.M College Bhatgaon
Distt.-Sarangarh-Bilaigarh (C.G.)
महाविद्यालय का नाम शास. आर. एन. एम. महाविद्यालय भटगाव
जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ0ग0

Shubh

Scanned with OKEN Scanner